''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 129 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 10 मई 2025 samachargate@gmail.com





# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया 'जनता की कहानी–मेरी आत्मकथा' पुस्तक का विमोचन

## हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित व उनके जीवन पर आधारित है पुस्तक

**चरित्र, समर्पण और दृढ़–विश्वास जीवन के महत्वपूर्ण पहलू : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय**

**यह एक पुस्तक नहीं बल्कि जीवंत दस्तावेज – मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

**समाचार गेट/नरबीर यादव**

**चंडीगढ़।** भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित उनके जीवन पर आधारित पुस्तक ''जनता की कहानी –मेरी आत्मकथा'' का विमोचन किया। दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में आयोजित समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय व उनकी धर्मपत्नी वसंथा बंडारू को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

इस अवसर पर श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस पुस्तक में सार्वजनिक जीवन के संघर्षों की झलक दिखाई गई है, जो सार्थक परिणाम देगी। उन्होंने कहा कि भारत ने चुनौतियों को अवसरों में बदलने के तरीके ईजाद किए हैं, इसलिए आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया को भारत की ताकत और मजबूत सोच को दिखाया है। हमारी सेना ने भारतीयों की आन–बान और शान को ऊंचा करने का काम किया है। भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारे लिए सर्वोपरि है।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि चरित्र, समर्पण और दृढ़–विश्वास ही जीवन के तीन महत्वपूर्ण पहलू हैं। इन तीन पहलुओं पर कार्य करते हुए जीवन की हर चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में उनके जीवन के विस्तृत अनुभव संकलित किए गए हैं जो सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी रहेंगे। पुस्तक में उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को बेहतरीन तरीके से समेटा गया है। यह पुस्तक एक केंद्रीय मंत्री के रूप में उनकी प्रशासनिक कुशलता और एक जनप्रतिनिधि के रूप में लोगों की सेवा के प्रति समर्पण की झलक दिखाती है। उन्होंने कहा कि वे लेखक और कवि नहीं हैं लेकिन कोविड समय के दौरान उन्हें मिले अनुभव ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से पुस्तक में समेटे गए हैं।

श्री दत्तात्रेय ने कहा कि उनका जीवन सदैव साधारण समाज के हितार्थ समर्पित रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे सभी का तहेदिल से आभार एवं अभिनन्दन करते हैं। आज के दिन का श्रेय वे अपनी माता ईश्वम्मा जी को देते हैं, जिनके प्रयासों से उन्होंने अपना जीवन सामाजिक कार्यों, विशेषकर झुग्गी विकास और आपदा राहत प्रयासों में सक्रिय किया। उनका यह समर्पण सांस्कृतिक एवं स्वैच्छिक संगठनों से जुड़े रहकर सामाजिक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**दत्तात्रेय वास्तव में विनम्रता की मूर्ति : केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल**

केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि इस पुस्तक से ऐसे साधारण व्यक्तित्व की कहानी प्रदर्शित होती है, जिन्हें जीवन में एक बार मिलने से ही सारी कहानी स्वत: ही सामने आ जाती है। उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि जब श्री दत्तात्रेय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी जी के मंत्रिमंडल में लेबर मिनिस्टर थे तब उनसे मिलने का अवसर मिला। इसके अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके मार्गदर्शन में कार्य करने का अनुभव सराहनीय रहा।

मनोहर लाल ने कहा कि श्री दत्तात्रेय वास्तव में विनम्रता की मूर्ति हैं, जिन्होंने सदैव समाज सेवा और जनहित को लेकर ही कार्य किया है। उन्होंने कहा कि श्री दत्तात्रेय की पुस्तक में सभी कार्यकर्ताओं की चिंता के बहुत से पहलू एवं अनुभव छिपे हुए हैं, इसलिए यह पुस्तक अवश्य ही लोगों को पढ़नी चाहिए। इसमें वटवृक्ष के नाते परिवार, समाज और जीवन के अनुभवों की जानकारी साझा की गई है।

**यह पुस्तक केवल साहित्य नहीं प्रेरणा का स्त्रोत है : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक पुस्तक नहीं बल्कि जीवंत दस्तावेज है, जो उनके संघर्ष, सेवा, समर्पण और समाज के लिए चलने वाली यात्रा है, जो व्यक्ति को साधारण से असाधारण बना देती है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय हैं और इस कार्यक्रम में भाग लेकर वे गौरवानवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने ''जनता की कहानी – मेरी आत्मकथा'' पुस्तक के लिए राज्यपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का शीर्षक ही बता रहा है कि यह जीवन का विवरण मात्र नहीं बल्कि जनसाधारण से जुड़ने और उनके लिए जुझने का अनुभव है। यह पुस्तक केवल साहित्य नहीं प्रेरणा स्त्रोत है जिससे राजनीतिक और सामाजिक जीवन के रास्ते पर चलने का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा।

इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केन्द्रीय मंत्री जी कृष्ण रेड्डी ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, श्री एस पी सिंह बघेल, श्री अनुराग ठाकुर, हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, विधानसभा उपाध्यक्ष श्री कृष्ण मिड्ढा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर, खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम सहित कई राज्यसभा व लोकसभा सांसद, पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व उपमुख्यमंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी और कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्यपाल के परिवार के सदस्य जर्नादन रेड्डी, जिग्नेश रेड्डी, विजया लक्ष्मी, जसोदरा, वेदान्सी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने प्री-मॉनसून तैयारियों व अन्य विकास कार्यों को लेकर नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के अधिकारियों संग की समीक्षात्मक बैठक

# भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर नहीं किया जाएगा बर्दास्त, गुरुग्राम में टेस्टिंग लैब बनाने की दिशा में आगे बढ़े नगर निगम गुरुग्राम : राव नरबीर सिंह

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम शहर में इस मॉनसून आमजन को जलभराव की समस्या से राहत मिले इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर धरातल पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों में किसी भी स्तर पर चूक की गुंजाइश ना रहे इसके लिए प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह निरंतर अधिकारियों संग समीक्षात्मक बैठक कर रहे हैं। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में निगम अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने बैठक में निगम अधिकारियों से स्टॉर्म वाटर ड्रेन व वार्डों के भीतर सीवरेज सिस्टम की सफाई, निगम एरिया में स्थापित एसटीपी की कार्यकुशलता व जोनवार सफाई व्यवस्था की विस्तृत रिपोर्ट लेने उपरान्त कहा कि 15 जून से पहले सभी ड्रेनों और सीवरेज लाइनों की सफाई पूरी कर ली जाए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। राव नरबीर सिंह ने स्पष्ट किया कि सफाई कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकतानुसार जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार लोगों को साफ–सुथरा और जलभराव रहित वातावरण देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर नहीं किया जाएगा बर्दास्त, गुरुग्राम में टेस्टिंग लैब बनाने की दिशा में आगे बढ़े नगर निगम गुरुग्राम**

राव ने कहा कि जलभराव वाले पॉइंट्स पर जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जा रही है। उसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र की आरडब्ल्यूए व पार्षद के साथ जरूर साझा की जाए ताकि आपात स्थिति में वे उनसे सीधे संपर्क कर सके। राव ने निगम की इंजिनियरिंग विंग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निगम के समूचे क्षेत्र में सीवर के ढक्कन जलनिकासी के निर्धारित स्तर पर लगे हों। उन्होंने कहा कि सीवर के ढक्कन सही लेवल पर ना होने के चलते बरसात के समय पानी की निकासी नही हो पाती जिससे जलभराव की स्थिति बनने के साथ साथ सड़क को भी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह ध्यान रखें कि भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में बर्दास्त नही किया जाएगा। उन्होंने सड़क निर्माण व टाइल रोड में गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री का सरकारी लैब में ही सैंपल टेस्ट किया जाए। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान निगम अधिकारियों को गुरुग्राम में टेस्टिंग लैब बनाने के विकल्पों पर भी आगे बढ़ने के निर्देश दिए।

**कैबिनेट मंत्री ने पिछले 10 वर्षों में स्टॉर्म वॉटर ड्रेन की सफाई पर हुए खर्च का मांगा ब्यौरा**

राव नरबीर सिंह ने स्टॉर्म वॉटर ड्रेन की सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि निगम में जहां कहीं भी सफाई का काम करवाया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद संबंधित क्षेत्र की आरडब्ल्यूए से लिखित सहमति ली जाए। उसके बाद ही संबंधित ठेकेदार को भुगतान किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर निगम गुरुग्राम ने वर्ष 2014 से अभी तक स्टॉर्म वॉटर ड्रेन की सफाई पर कितना पैसा खर्च किया। इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**कैबिनेट मंत्री ने स्वीपिंग मशीन व सुपर सकर मशीनों की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी, कहा वे अपने स्तर पर कराएंगे जांच**

समीक्षा बैठक में उद्योग मंत्री ने नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर में स्वीपिंग मशीन व सुपर सकर मशीनों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि निगम अधिकारी मशीनों की संख्या व उनका रूट प्लान उनके कार्यालय के साथ शेयर करे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं व संबंधित क्षेत्र की आरडब्ल्यूए से इसकी जांच कराएंगे। बैठक में निगम अधिकारियों ने 404 रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सफाई रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस संबंध में टेंडर की प्रक्रिया जारी है। 10 जून से पहले सभी स्थानों पे सफाई कार्य पूरा करवा दिया जाएगा। सफाई कार्य की मॉनिटरिंग के लिए एक जेई को 15 रेन वाटर हार्वेस्टिंग साइट्स की जिम्मेदारी दी गयी है।

**पर्यावरण मंत्री ने दोनों नगर निगम में बनाए गए टॉयलेट्स निर्माण की जांच करने के दिए निर्देश**

पर्यावरण मंत्री ने बैठक में कहा कि नगर निगम गुरुग्राम तथा मानेसर में जो पब्लिक टॉयलेट्स बनाए गए हैं। वे इस्तेमाल में ना होने व सफाई व्यवस्था ठीक ना होने के चलते काफी खराब स्थिति में हैं। राव ने कहा कि जनता के टैक्स के पैसे को इस तरह बर्बादी किसी भी रूप में स्वीकार्य नही है। उन्होंने इस पूरे कार्य की जांच के निर्देश देते हुए कहा कि निगम अधिकारी जगह चिन्हित कर इसके रखरखाव के लिए प्राइवेट फर्म्स को आमंत्रित करें ताकि आमजन को इस सुविधा का लाभ मिल सके।

**पानी की महत्ता को समझते हुए पार्कों में केवल एसटीपी शोधित पानी का हो इस्तेमाल, रिहायशी सोसायटी से ले सहयोग**

राव ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निगम क्षेत्र में किसी भी पार्क में पीने का पानी इस्तेमाल ना किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में ऐसी बहुत सी सोसायटी हैं जिनके पास स्वयं के एसटीपी से शोधित पानी सरप्लस मात्रा में है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ऐसी सोसायटी को चिन्हित कर टैंकर के माध्यम से उस पानी का इस्तेमाल नजदीक स्थित ग्रीन बेल्ट अथवा पार्क के लिए इस्तेमाल करे। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि नगर निगम ऐसी सोसायटी से पार्कों व ग्रीन बेल्ट तक परमानेंट लाइन डालकर जल संचय में अपना सहयोग दे।

**बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान दिए निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश**

गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम की 15 चल रही परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में जहाजगढ़ में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट), दौलताबाद और धनकोट में सिवरेज नेटवर्क, दौलतबाद में सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 23 में रोड कार्पेटिंग, सेक्टर 12 व सेक्टर 14 में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, कमला नेहरू पार्क में स्विमिंग पूल, बजघेड़ा में पेयजल आपूर्ति एवं सिवरेज नेटवर्क, वजीराबाद व अजीत स्टेडियम धनवापुर, नगर निगम का नया कार्यालय भवन तथा सदर बाजार में मल्टीलेवल पार्किंग का काम भी चल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्रीय निरीक्षण करें और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि समय रहते समस्याओं का समाधान किया जा सके।

इस मौके पर नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया, नगर निगम मानेसर के आयुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त निगमायुक्त महावीर प्रसाद, वाईएस गुप्ता व जितेन्द्र कुमार, चीफ इंजीनियर विजय ढाका, चीफ टाऊन प्लानर संजीव मान, चीफ अकाउंट ऑफिसर विजय सिंगला, संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार, डॉ जयवीर यादव व विशाल कुमार सहित मानेसर व गुरुग्राम के कार्यकारी अभियंता तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व वन विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।



# परमात्मा की अराधना करने में ही मिलता है सच्चा सुखः अजय गौड़

## भाजपा नेता ने संत सूरदास स्मारक में बने भव्य मंदिर का किया शुभारंभ



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय गौड़ ने बाबा सूरदास की पावन धरती सेक्टर-8 सीही गांव स्थित महाकवि संत सूरदास स्मारक मे बने नए भवन व मंदिर नवनिर्माण का रिबन काटकर शुभारंभ कर इसे जनता को समर्पित किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अजय गौड़ का फूल मालाओं से स्वागत किया और मंदिर निर्माण में सहयोग करने पर उनका स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अजय गौड़ ने कहा कि धरती के कण–कण में भगवान बसे हुए है, बस जरूरत है तो उन्हें मन से मानने की।

उन्होंने कहा कि आज मनुष्य आधुनिक सुख-सुविधाओं के पीछे इस कद्र भाग रहा है, उसके पास परमात्मा की अराधना करने तक का समय नही है, जबकि इस पृथ्वी पर असली सुख भगवान की पूजा अर्चना करना है क्योंकि ऐसा करने से ही मनुष्य को सद्बुद्धि प्राप्त होती है और वह अच्छे काम करता है। श्री गौड़ ने कहा कि पिछले काफी समय से इस मंदिर के नवीनीकरण को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही थी और आज उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि यह मंदिर भव्य रुप से तैयार हो गया है और अब लोग यहां पूजा अर्चना कर सकेंगे।

अजय गौड़ ने कहा कि इस मंदिर के नवीनीकरण कार्य में एक साल का समय लगा और यहां स्थापित की गई राधा–कृष्ण जी, राम दरबार, गणेश जी व संत बाबा सूरदास जी की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ पंडित ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा की गई। इस अवसर पर पंडित जयवीर शर्मा, पंडित मोतीलाल, मास्टर देवराम तेवतिया सहित अन्य गांव के मौजिज लोगों ने कहा कि भाजपा नेता अजय गौड़ सही मायनों में सच्चे जनसेवक हैं, जब–जब वह किसी काम के लिए उनके पास गए है, उन्होंने कभी उन्हें निराश नहीं किया है और मंदिर निर्माण कार्य में भी उन्होंने पूरी तत्परता से उन्हें सहयोग किया और इसके निर्माण में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी, इसके लिए वह उनके आभारी है। इसके उपरांत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी लोगों ने आहुति डालते हुए समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर फरीदाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पार्षद अनिल नागर, राजकुमार अग्रवाल, सुरेंद्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, मूलचंद मित्तल, डा. आर.एन. सिंह, ओमप्रकाश रक्षवाल, देवेंद्र दीक्षित, शोभित अरोड़ा, रंजीत रावल, अनिल मलिक, एडवोकेट केपी तेवतिया, संजीव दलाल, सुरेश वत्स, विंग कमांडर हरिचंद मान, केसी शर्मा, बृजपाल मास्टरजी, योगेश भूरा, हितेश वत्स, कर्नल मंदी, पंडित हरिओम, कुलबीर तेवतिया, चौ. ओमबीर तेवतिया व मुकेश तेवतिया सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।






# यूपीः मुस्लिमों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए

## ऑपरेशन सिंदूर पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में जश्न, अवधेश प्रसाद बोले- सेना पर गर्व








**लखनऊ।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद यूपी में आज पहला जुमा है। लखनऊ-वाराणसी, कानपुर समेत कई शहरों में नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कहा- हम भारत की सेना के साथ खड़े हैं। पाकिस्तान की इस कायराना हमले का विरोध करते हैं। उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। लखनऊ में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा- मुसलमान भारत के साथ खड़ा है। वहीं, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मार्च निकाला। इसी बीच शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने दो महीने के सभी कार्यक्रमों को निरस्त कर दिए हैं। मेरठ में उन्होंने कहा - जरूरत पड़ी तो सेना की मदद करने भी जाऊंगा। हम भारत की विजय के लिए धार्मिक अनुष्ठान भी सम्पन्न कराएंगे। इधर, पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के मामले में वर्ल्ड बैंक से झटका लगा है। अध्यक्ष अजय बंगा ने साफ कर दिया कि वर्ल्ड बैंक इस विवाद में हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। पाकिस्तान-भारत के बीच तनाव को देखते हुए यूपी पुलिस हाई अलर्ट पर है। होटलों, स्टेशनों, मंदिरों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लखनऊ में पुलिस के सभी जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। जो पुलिसकर्मी छुट्टी पर हैं, उन्हें तत्काल ड्यूटी जॉइन करने के आदेश दिए गए हैं। अयोध्या के राम मंदिर, मथुरा के कृष्ण जन्मस्थान और काशी विश्वनाथ मंदिर में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। हर आने-जाने वाले की जांच की जा रही है।लखनऊ के KGMU और SGPGI जैसे प्रदेश के बड़े मेडिकल संस्थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मध्य वायु कमान के 7 एयरफोर्स स्टेशनों को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। नेपाल बॉर्डर पर भी सुरक्षा सख्त कर दी गई है। नेपाल से सटे गांवों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। वहां से आने वाले हर एक व्यक्ति की आईडी चेक की जा रही है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राष्ट्रवादी जोश और जश्न का माहौल देखने को मिला। विश्वविद्यालय परिसर में 'राष्ट्र प्रथम' के तहत एक भव्य प्रोटेस्ट मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, ठउउ कैडेट्स और गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल हुए। मार्च के दौरान देशभक्ति नारों की गूंज सुनाई दी और प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा बलों के साहस और समर्पण की सराहना की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग की टक्र प्रभारी विभा शर्मा ने कहा, पाकिस्तान ने जो हरकत की थी, उसके लिए जवाब देना जरूरी था। ऑपरेशन सिंदूर ने ये कर दिखाया और हम सभी को इस पर गर्व है। एएमयू के प्रॉक्टर वसीम अली ने कहा, हमारे जवानों की इस कार्यवाही ने देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। विश्वविद्यालय समुदाय राष्ट्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी हाई अलर्ट पर है। काशी विश्वनाथ मंदिर, गंगा घाट, बीएचयू, पीएमओ समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा निगरानी बढ़ा दी गई है। एयरपोर्ट, कैंट रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी प्रमुख स्थानों पर लगातार पुलिस मार्च कर रही है। हथियारबंद जवान तैनात किए गए हैं। किसी भी समय ब्लैक आउट जैसी परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है, इसके लिए सिविल डिफेंस के साथ पुलिस की दिशा निर्देश जारी किए गए हैं कि आपात स्थिति में पब्लिक के साथ कैसे मिलकर काम करना है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में 30 स्थानों पर वॉर्निंग सायरन लगाए गए हैं। सिविल डिफेंस के चेतगंज स्थित मुख्यालय पर भी वॉर्निंग सायरन लगाया गया है। जनता से अपील है कि लोकल पुलिस द्वारा की जा रही अनाउंसमेंट को ध्यान से सुने और दिशा निर्देश का पालन करें। वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्र रूपेश सिंह ने एक सैंड आर्ट मिशन सिंदूर पर तैयार किया है। रूपेश ने इसको 3 घंटे में तैयार किया है।

## नव नियुक्त पुलिस कांस्टेबल का हुआ सम्मान



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** हाटा विकास खण्ड के गांव नकहनी निवासी रामनरायण यादव के पुत्र राधे यादव का नियुक्ति पुलिस कांस्टेबल पद पर हुआ। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोग खुशी से उनके घर पहुंचे और उनका मुंह मिठा कराकर उनको अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और साथ ही साथ शुभकामनाएं दी। बता दें कि उक्त ग्राम सभा निवासी रामनरायण यादव के पुत्र राधे यादव ने पढ़ाई के साथ साथ पुलिस कांस्टेबल के लिए तैयारी कर रहा था कि उसकी पुलिस कांस्टेबल पद पर भर्ती हो गया। लोगों ने उनके दरवाजे पर पहुंच राधे यादव का मुंह मिठा कराकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। नवनियुक्त पुलिस कांस्टेबल राधे यादव से उनके अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, लखन मद्धेशिया, अमित मदेशिया, अनुभव तिवारी, बंटी राव, बिपिन सिंह मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद राजेश ऊर्फ गुड्डू पांडेय ने माँ काली मंदिर जीर्णोद्धार हेतु किया भूमि पूजन

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** यह सौभाग्य की बात है कि जिस प्राचीन माँ काली मंदिर का शिलान्यास मेरे द्वारा लगभग दो दशक पूर्व किया गया था। उसी मंदिर के जीर्णोद्धार व भव्य निर्माण के लिए पुनः भूमि पूजन का सौभाग्य मुझे यहाँ की देवतुल्य जनता ने सौंपा है। यह मंदिर नव्य, भव्य, दिव्य बनेगा और आस्था का केंद्र होगा। यह बातें शुक्रवार को पूर्व सांसद राजेश पांडेय ऊर्फ गुड्डू पांडेय ने फाजिलनगर विकास खण्ड के लवकुश पश्चिम पट्टी में प्राचीन माँ काली मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश देवी-देवताओं व वीरों की धरती है। इन्हीं



की पूजा और सम्मान से भारत ने विश्वगुरु के रूप में अपनी पहचान बनाई है। पूर्व सांसद ने भारतीय सैनिकों की वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत एक सशक्त देश है। माँ काली का आशीर्वाद हमारे जांबाज सैनिकों पर सदैव बना रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। यदि कोई देश भारत की ओर आँख उठाने की भूल करेगा तो उसका परिणाम बहुत ही बुरा होगा। इस दौरान जिपंस प्रतिनिधि राजन शुक्ला, भाजपा नेता पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारतीय सैनिकों की विजय के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर अधिवक्ता प्रभु नाथ मिश्र, पंचानंद मिश्र, एसबीएमपीजी कालेज पावानगर के प्रबंधक शक्ति प्रकाश दीक्षित, विद्यावती देवी पीजी कालेज के प्रबंधक बबलू राय, इंद्रजीत मिश्र, जनार्दन मिश्र, बिकेश मिश्र, अभय मिश्र, कृष्ण शंकर मिश्र, क्षेपंस रिंकु मिश्र, प्रिवेश पाठक, सोनू दुबे, नागेंद्र पांडेय, ज्ञानप्रकाश पांडेय, बीरेंद्र पांडेय, रामाशीष पांडेय , प्रमोद पाण्डेय, सतीश पांडेय, रमाशंकर मिश्र, सुभाष चन्द्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कसंचालन भाजपा नेता राणा प्रताप मिश्र व अध्यक्षता सिद्देश्वर मिश्र ने की।

## पुलिस की आईडी बनाकर युवती से की दोस्ती

**देवरिया ।** एक युवती के साथ इंस्टाग्राम पर फर्जी पुलिस आईडी के जरिए दोस्ती कर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर को शिकायती पत्र सौंपा है।युवती ने बताया कि अक्टूबर 2019 में इंस्टाग्राम पर रील देखते समय उसे एक मैसेज मिला। मैसेज भेजने वाले की आईडी 'ड्रीम यूपी पुलिस' के नाम से थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। युवक राघव नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ता था। उसके कहने पर युवती ने भी 2022 में वही कोचिंग ज्वाइन कर ली। युवक ने शादी का प्रस्ताव रखा और फिर शारीरिक संबंध बनाने लगा। आरोप है कि वह आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता था। अक्टूबर 2024 में युवती के गर्भवती होने पर उसने शादी से इनकार कर दिया। युवक ने झांसा देकर दवा खिला दी। जनवरी 2025 में युवक ने युवती से बात करना बंद कर दिया। जब युवती ने इसकी शिकायत युवक के पिता से की, तो उन्होंने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। सीओ सदर संजय कुमार रेड्डी ने कहा कि शिकायत मिल गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## पांच दिवसीय भारतीय संस्कृति अभिरुचि पाठ्यक्रम आयोजित

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर के तत्वावधान में बर्मी बुद्ध विहार परिसर कुशीनगर में आयोजित पांच दिवसीय भारतीय संस्कृति अभिरुचि पाठ्यक्रम के तीसरे दिन भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता और रुचि विकसित करने को लेकर जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. अम्बिका तिवारी, प्रोफेसर इतिहास, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने भारतीय



संस्कृति और सिंधु घाटी सभ्यता में समानता की चर्चा की और कहा कि पहले के समय में वर्ण भेद कर्म के आधार पर होता था, किंतु कुछ सुविधा प्राप्त लोगों ने वर्ण भेद में बदलाव कर इसे वंशानुगत कर दिया। यह कार्यशाला प्रतिदिन 10 मई 2025 तक सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक बर्मी बुद्ध विहार में जारी रहेगी और इसका समापन 11 मई 2025 को सायं 4:30 बजे होगा। कार्यक्रम का कुशल संचालन तेज प्रताप शुक्ल द्वारा किया जा रहा है। अतिथियों के प्रति आभार राजकीय बौद्ध संग्रहालय के तरुण शुक्ला द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर 55 प्रतिभागियों के साथ-साथ बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ. राकेश सिंह, संग्रहालय के धीरेंद्र मिश्रा, बेग, ललित एवं म्यांमार बुद्ध विहार के भिक्षुगण उपस्थित रहे।

# योगी बोलेः भारत विजयी है और रहेगा, कोई शक नहीं

## पाकिस्तान अब कराह रहा, लखनऊ के हुसैनगंज चौराहे का नाम बदला










लखनऊ। भारत-पाकिस्तान में जंग के हालात पर सीएम योगी ने कहा - भारत हर हाल में विजयी है और रहेगा। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने शरारत की, जिसका सेना के जवानों ने बहादुरी से करारा जवाब दिया। अब पाकिस्तान दुनिया के सामने कराह रहा है। आने वाले समय में पाकिस्तान अपने वजूद के लिए जूझता हुआ दिखाई देगा। सीएम योगी ने महाराणा प्रताप की जयंती पर लखनऊ में ये बातें कहीं। उन्होंने हुसैनगंज चौराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि आज से हुसैनगंज चौराहा महाराणा प्रताप चौराहा के नाम से जाना जाएगा। आज पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है और कराहता हुआ नजर आ रहा है। भारत की कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और राजनीतिज्ञों की मौजूदगी दुनिया की आंखें खोलने वाली है। यह साबित करता है कि पाकिस्तान न केवल आतंकवादियों को संरक्षण देता है, बल्कि सीधे तौर पर आतंकवाद में शामिल भी है। अब पाकिस्तान अपने वजूद के लिए जूझ रहा है। मुख्यमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि वे भारतीय सेनाओं का मनोबल बढ़ाएं और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान रहें। हर भारतवासी की जिम्मेदारी है कि हम अपनी सेनाओं के साथ खड़े हों और शरारतपूर्ण कार्रवाइयों को बेनकाब करें। केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हमें एकजुट होकर काम करना है। भारत हर हाल में विजयी है और रहेगा। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए कहा- महाराणा प्रताप का त्याग और शौर्य हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है। महाराणा प्रताप ने देश के लिए दर-दर की ठोकरें खाईं। हल्दीघाटी की लड़ाई और हर युद्ध जीतकर किले वापस लिए। अकबर की विशाल सेना उनकी वीरता के सामने मजबूर हुई। उनकी संघर्षशीलता हम सबके लिए प्रेरणा है। बता दें कि देश में तनावपूर्ण हालातों के बीच छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### राम उदार सिंह गुलाब देवी इंटर कॉलेज गढरामपुर में प्रवेश प्रारंभ

**संवाददाता**



**कुशीनगर।** गढ़रामपुर रामउदार सिंह गुलाब देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य राजन सिंह ने बताया कि मेरे विद्यालय के हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। नए सत्र के लिए प्रवेश जारी है प्रधानाचार्य राजन सिंह के अनुसार विद्यालय में सभी संसाधन होने से हमारे यहां योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य संचालित होता है। प्रत्येक शनिवार को एक नए तरीके से कार्यक्रम दोपहर बाद संपन्न होता है। श्री राव ने कहा कि विद्यालय में प्रवेश कार्यक्रम चल रहा है। जो बच्चे प्रवेश लेना चाहते हैं। वह सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय के कार्यालय से फॉर्म लेकर अपना प्रवेश अति शीघ्र ले लें।

### दुष्कर्म का आरोपी हवाई अड्डे से गिरफ्तार

**संवाददाता**

**भलुअनी, देवरिया।** दुष्कर्म के आरोपी को भलुअनी पुलिस ने इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। 2024 में इसके विरुद्ध भलुअनी थाने में केस दर्ज किया गया था। भलुअनी थाना क्षेत्र के बंजरिया निवासी मनीष चौहान एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में शादी करने से मुकर गया। इस मामले में अगस्त 2024 में भलुअनी थाने में केस दर्ज कराया गया। लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई। पुलिस ने उसका लुक आउट नोटिस जारी किया था जिसके चलते इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### 13 मई को लगेगा रोजगार मेला

**संवाददाता**

**देवरिया।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने जानकारी दी है कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 13 मई 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी, जो साक्षात्कार के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। पदों के अनुसार शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक या आईटीआई उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया में संपर्क कर सकते हैं। प्रतिभागियों को किसी प्रकार का भत्ता या यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

### निःशुल्क आवासीय शिक्षा हेतु प्रवेश प्रारंभ

**संवाददाता**

**देवरिया।** प्रधानाचार्य जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मेहरौना (देवरिया) प्रवीण चंद्र चौधरी ने जानकारी दी है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित यह विद्यालय पूर्णतः निःशुल्क आवासीय विद्यालय है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग (35 सीट) तथा कला वर्ग (35 सीट) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश फार्म विद्यालय से प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से सायं 2:00 बजे तक निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन फार्म केवल ऑफलाइन माध्यम से विद्यालय में 15 मई 2025 तक जमा किए जा सकते हैं।विद्यालय की प्रमुख विशेषताओं में निःशुल्क शिक्षा, भोजन एवं आवास की सुविधा शामिल है। इसके अतिरिक्त जेईई और नीट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अभ्युदय कोचिंग योजना, कैरियर काउंसिलिंग, अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, टैब लैब तथा विज्ञान प्रयोगशाला भी उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों के मानसिक विकास एवं सांस्कृतिक समायोजन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।प्रवेश हेतु पारिवारिक वार्षिक आय सीमा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 46,080 रुपये तथा शहरी क्षेत्र के लिए 56,460 रुपये निर्धारित की गई है। प्रवेश में आरक्षण का प्रावधान अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 60 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत रखा गया है।

### युवक के खिलाफ देश विरोधी पोस्ट करने पर केस दर्ज

**कुशीनगर ।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक के सोशल मीडिया पोस्ट ने उसके परिवार को मुसीबत में डाल दिया है। पुलिस ने युवक के पिता को हिरासत में लिया है। नूरमुहम्मद के पुत्र साजिद ने सोशल मीडिया पर मिसाइल की फोटो के साथ लिखा। साजिद पांच भाइयों में तीसरे नंबर का है। इस समय पुणे में नौकरी करता है। गांव के लोगों ने जब वह पोस्ट देखा तो पुलिस में शिकायत की। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की देश विरोधी पोस्ट पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों ने साजिद के पोस्ट की स्क्रीनशॉट को वायरल कर दिया है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी पुणे में है। पुलिस ने आरोपी के पिता से पूछताछ शुरू की है और उनके माध्यम से साजिद को घर बुलाया जा रहा है। इसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बड़हलगंज में ब्यूटी पार्लर की ट्रेनी ने दी जान



**गोरखपुर ।** बड़हलगंज कस्बे में एक दुखद घटना सामने आई है। कालेज रोड पर किराए के मकान में रह रही 25 वर्षीय जूली का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। जूली यहां ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण ले रही थी। शुक्रवार को पड़ोसी किराएदार ने कमरे का दरवाजा खुला देखा। अंदर जूली का शव फंदे से लटका हुआ था। उसने तुरंत मकान मालिक रामछबीले राय को सूचित किया। मकान मालिक ने पुलिस को खबर दी। फोरेंसिक टीम के जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जूली बांसगांव थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 निवासी गिरीश नारायण तिवारी की बेटी थी। उसकी शादी 2017 में गोरखपुर के हुमायूंपुर निवासी गगन मिश्रा से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पति से विवाद हो गया। इसके बाद से वह बड़हलगंज में अकेली रह रही थी। जूली तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। घटना की सूचना मिलते ही लखनऊ में रह रही उसकी मां नेहा तिवारी बड़हलगंज के लिए रवाना हो गईं। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# विदेश समाचार



## संक्षिप्त समाचार

### शी चिनफिंग ने जर्मनी के नए प्रधानमंत्री को बधाई दी

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फ्रेडरिक मेर्ज़ को जर्मनी का प्रधानमंत्री बनने पर फोन पर बधाई दी। इस मौके पर शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और जर्मनी चतुर्मुखी रणनीतिक साझेदार हैं। राजनीतिक संबंधों की स्थापना के बाद पिछले 53 सालों में दोनों देश आपसी सम्मान और विश्वास करते हैं, एक-दूसरे के साथ समान व्यवहार करते हैं और उच्च स्तरीय सहयोग से द्विपक्षीय संबंधों का स्वस्थ विकास बढ़ाते हैं। अब दुनिया में बड़ा परिवर्तन हो रहा है। एकतरफावाद और संरक्षणवाद सक्रिय होने लगे हैं, लेकिन शांति, विकास, सहयोग और समान जीत फिर भी सही रास्ता है और युग का रुझान है, जो नहीं रुक सकता। शी चिनफिंग ने कहा कि दुनिया में दूसरी व तीसरी बड़ी आर्थिक शक्तियां और वैश्विक प्रभाव वाले प्रमुख देश होने के नाते चीन और जर्मनी को ऐतिहासिक रुझान के अनुरूप आदान-प्रदान, आपसी सीख, एकता और सहयोग मजबूत करना चाहिए, ताकि समान व व्यवस्थित विश्व बहुध्रुवीकरण और समावेशी आर्थिक वैश्वीकरण बढ़ सके। चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने भी फ्रेडरिक मेर्ज को जर्मन प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। ली छ्यांग ने कहा कि चतुर्मुखी रणनीतिक साझेदार होने के नाते चीन और जर्मनी के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक उपलब्धियां और विशाल संभावना है। समानता, आपसी लाभ, सहयोग और समान जीत दोनों देशों का ऐतिहासिक चुनाव है और चीन-जर्मनी संबंधों की विशेषता भी है। हमें सावधानी से इसकी रक्षा करने के साथ विकास करना होगा।

### पाकिस्तानी नेता बुरफत ने ऑपरेशन सिंदूर का किया पुरजोर समर्थन, बोले- देश आतंकवाद का प्रायोजक

**म्यूनिख, एजेंसी।** पाकिस्तान के अलगाववादी नेता जेय सिंध मुत्तहिदा महाज (जेएसएमएम) के अध्यक्ष शफी बुरफत ने बयान जारी कर भारत के आतंकवाद विरोधी अभियानों को खुला और पुरजोर समर्थन दिया। सिंध क्षेत्र को पाकिस्तान से अलग करने की वकालत करने वाले जेएसएमएम सुप्रीमो ने कहा, मूल मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच क्षेत्रीय या सैन्य टकराव का नहीं है। भारत के हमले पाकिस्तान या उसके लोगों पर हमला नहीं हैं, ये पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों और प्रशिक्षण शिविरों को निशाना बनाकर किए गए सटीक अभियान हैं। बुरफत ने आगे कहा, यह भारतीय सेना की पाकिस्तान पोषित चरमपंथी आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई है। इनका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और मानवीय गरिमा को बनाए रखना है। पाकिस्तानी सेना समर्थित ये आतंकवादी हमले अनगिनत निर्दोष नागरिकों, खासकर कश्मीर में, का खून बहाने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी और उसकी सेना इन आतंकी समूहों का इस्तेमाल दक्षिण एशिया को अस्थिर करने और वैश्विक शांति को खतरे में डालने के लिए प्रॉक्सी की तरह करती। उन्होंने कहा, ऐसे आतंकवादियों को पनाह और बचाव देकर, पाकिस्तान खुद को नैतिक रूप से दिवालिया राज्य के रूप में पेश कर रहा है जो आतंक पर पनपता है। दुनिया इंसाफ की लड़ाई में भारत के साथ खड़ी बुरफत ने एलान किया कि यह केवल दो देशों के बीच संघर्ष नहीं है। यह लड़ाई इंसाफ और बेइंसाफी के बीच है। इस लड़ाई में भारत को जो भी नुकसान हुआ है, उसे शांति और मानवता के लिए एक महान बलिदान के रूप में देखा जाना चाहिए। इस बीच, पाकिस्तान के लिए किसी भी झटके को आतंकवाद की नींव पर एक जोरदार प्रहार के तौर देखा जाना चाहिए।

### तनाव कम करने के लिए इस्राइल से अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहा सीरिया: अल-शरा

**डमस्कस, एजेंसी।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने बुधवार को कहा कि उनका देश हाल ही में हुई शत्रुता को कम करने के लिए इस्राइल के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहा है। उन्होंने जनवरी में पदभार ग्रहण करने के बाद यूरोप की अपनी पहली यात्रा पर यह बात कही। पेरिस में पत्रकारों से बात करते हुए अल-शरा ने कहा कि इस्राइल के साथ बातचीत के संबंध में, स्थिति को शांत करने के लिए मध्यस्थों के माध्यम से अप्रत्यक्ष बातचीत की जा रही है।

# ब्रिटेन की संसद में भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर चर्चा

**लंदन, एजेंसी।**
पहलगाम आतंकी हमले और इसके जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर की गई भारत की कार्रवाई के मद्देनजर दोनों पड़ोसी देशों के बीच बढ़ते तनाव को लेकर ब्रिटेन की संसद में लंबी चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान विभिन्न दलों के सदस्यों ने क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए ब्रिटेन की ओर से मदद की जरूरत बताई। भारत ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में मंगलवार देर रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे।

ब्रिटेन के विदेश मंत्री हैमिश फाल्कनर ने बुधवार को निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में एक बयान के साथ चर्चा की शुरुआत की और कूटनीति एवं संवाद के महत्व पर प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर की पिछली टिप्पणियों को दोहराया गया। उन्होंने देश में बड़ी संख्या में ब्रिटिश भारतीयों और ब्रिटिश पाकिस्तानियों के लिए संघर्ष के बहुत ही ''व्यक्तिगत'' पहलू से संबंधित चिंताओं को भी व्यक्त किया।



फाल्कनर ने कहा, ''भारत और पाकिस्तान दोनों को हम लगातार यही संदेश देना चाहते हैं कि वे संयम बरतें। उन्हें एक त्वरित, कूटनीतिक मार्ग तलाशने के लिए बातचीत में शामिल होने की आवश्यकता है।''

उन्होंने कहा, ''ब्रिटेन का दोनों देशों के साथ घनिष्ठ और अनूठा संबंध है। नागरिकों की जान जाते देखना दिल को झकझोर देने वाला है। अगर तनाव ऐसे ही और बढ़ता है, तो किसी की भी जीत नहीं होगी। हमने पिछले महीने हुए भयावह आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की।''

ब्रिटेन की छाया विदेश मंत्री (ब्रिटेन की आधिकारिक विपक्ष की समानांतर छाया कैबिनेट) प्रीति पटेल ने भारत के खुद का बचाव करने और ''आतंकवादी बुनियादी ढांचे'' को नष्ट करने के लिए ''उचित एवं सधा'' कदम उठाने के अधिकार पर प्रकाश डाला।

ब्रिटेन की भारतीय मूल की सांसद ने कहा, ''पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा हैं। यह वही देश है जहां ओसामा बिन लादेन छिपा हुआ था। भारत में आतंकवादियों द्वारा हिंसा के लंबे इतिहास के कारण ब्रिटेन ने भारत के साथ लंबे समय से सुरक्षा सहयोग समझौतों में जगह बनाई है।''

# भारत ने घर में घुस कर मारा और हमारी सेना कुछ नहीं कर सकी

### एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तानी नागरिक ने उठाए सवाल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से तबाह कर दिया है। इससे पाकिस्तान में भारी बौखलाहट है। अब हालात ऐसे हैं कि पाकिस्तानी नागरिक ही अपनी सेना पर सवाल उठा रहे हैं। पाकिस्तानी नागरिक आदित्य राज कौल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के रक्षा तंत्र की कमियों को उजागर किया है।वायरल में पाकिस्तानी नागरिक कह रहा है कि भारत ने उन पर मिसाइलों से हमला किया और वे एक भी मिसाइल को नहीं रोक पाए। उनकी सभी मिसाइलें अपने तय लक्ष्यों पर गिरीं और आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया।



भारत के युद्ध नारे घर में घुस के मारेंगे को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने सच में यह कर दिखाया है। उन्होंने उनके क्षेत्र में घुसकर हमला किया और वे कुछ भी नहीं कर सके। यह एक सच्चाई है, जिसे सभी को स्वीकार करना चाहिए। पाकिस्तानी सेना किसी भी हमले को विफल करने में पूरी तरह से नाकाम रही है। ईरान और इजराइल के बीच हुए सैन्य संघर्ष का उदाहरण देते हुए युवक ने कहा कि जब ईरान इजराइल पर 100 मिसाइलें दागता है, तो उनमें से केवल 1 या 2 ही जमीन पर गिरती हैं, बाकी हवा में ही नष्ट कर दी जाती हैं। हमारे मामले में भारत ने 21 मिसाइलें दागीं और उनमें से सभी ने सटीकता से अपने लक्ष्यों को भेदा। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि अगर ये मिसाइलें नागरिक क्षेत्रों या सेना की छावनियों को निशाना बनातीं, तो क्या होता

युवक ने आगे कहा कि अपनी गलतियों को मानने के बजाय पाकिस्तानी मीडिया झूठ प्रचार करने में लगा हुआ है। ऐसा कहा जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना ने सीमा के पास भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया। सोशल मीडिया पर कई पाकिस्तानी हैंडल जीत का दावा कर रहे हैं। यह सब झूठ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये सभी वीडियो महीनों या सालों पुराने हैं।

भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर की धमक पड़ोसी देश श्रीलंका में भी गूंज रही है। राष्ट्रीय विमानन कंपनी 'श्रीलंकन एयरलाइंस ने खतरे को भांपते हुए पाकिस्तान कदम उठाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि लाहौर के लिए उसकी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं, लेकिन कराची के लिए सेवाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगी। एयरलाइन लाहौर के लिए चार साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है और उन सभी उड़ानों को अगली सूचना तक रद्द कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि कश्मीर क्षेत्र में मौजूदा तनावपूर्ण सैन्य स्थिति को देखते हुए ऐसा किया जा रहा है। बुधवार देर रात को, पाकिस्तान सरकार ने लाहौर और इस्लामाबाद हवाई अड्डों पर सभी वाणिज्यिक उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) ने एक बयान में कहा कि कराची हवाई अड्डा चालू रहेगा। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के प्रतिशोध में, भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 नागरिकों की हत्या के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत ये सैन्य हमले किए गए। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि आधी रात के तुरंत बाद किए गए भारतीय मिसाइल हमलों में 31 लोग मारे गए और 57 अन्य घायल हो गए।

### भारत की एयरस्ट्राइक पर बांग्लादेश का चौकाने वाला रिएक्शन-आतंक के खिलाफ समर्थन या चिंता



**ढांका, एजेंसी।** पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या के जवाब में भारत ने बुधवार तड़के ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी अड्डों पर एयरस्ट्राइक की। इन हमलों से पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क को गहरा झटका लगा है। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि इस भारतीय कार्रवाई पर बांग्लादेश में भी हलचल देखने को मिली। प्रमुख अखबार ने रिपोर्ट किया कि भारत ने यह हमला आत्मरक्षा में किया और सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया । उन्होंने लिखा कि भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को छुआ तक नहीं, जिससे यह साफ हो गया कि भारत का मकसद आतंक का सफाया करना है, युद्ध नहीं। सरकार ने बताया कि यह ऑपरेशन बेहद सटीक, सीमित और जवाबदेह था। भारतीय सेना ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों को निशाना बनाया और आम नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाया। पाकिस्तानी सेना ने स्वीकार किया कि बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में हमले हुए। 31 लोगों की मौत और 57 घायल हुए। साथ ही चेतावनी दी कि वह ÷अपनी पसंद के समय और स्थान पर जवाब देगा÷। भारत की इस कार्रवाई ने पूरे दक्षिण एशिया में भूचाल ला दिया है। बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों ने भी माना कि भारत अब आतंक के खिलाफ नरम नहीं है। ये संकेत हैं कि भविष्य में भारत की विदेश और सुरक्षा नीति कहीं ज्यादा आक्रामक हो सकती है।

## लाहौर स्थित वाल्टन एयरपोर्ट के पास सुनाई दी धमाके की आवाज

**लाहौर, एजेंसी।**
ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के लाहौर में धमाकों से जुड़ी खबरें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि लाहौर में एक के बाद एक कई धमाकों की आवाज सुनी गई है। लाहौर पुलिस के मुताबिक लाहौर के वाल्टन रोड पर जोरदार धमाका हुआ है। करीब 2 से 3 ब्लास्ट हुए हैं। इन धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि लोग घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल धमाकों की वजह और जानमाल के नुकसान का पता नहीं चल पाया है। साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और किसी को भी घटनास्थल पर जाने नहीं दे रही है।

लाहौर में धमाकों से जुड़ी यह खबर उस समय सामने आई है, जब 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया।

पाकिस्तान के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) के प्रमुख



जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि इन हवाई हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हुई और 46 घायल हुए हैं। ये हमले पीओके और पंजाब प्रांत के उन इलाकों में हुए जहां भारत के अनुसार आतंकियों के ठिकाने थे। इस स्थिति को देखते हुए पाकिस्तान में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी सरकारी अस्पतालों को तैयार रहने को कहा गया है, देश की हवाई सीमाएं 24 से 36 घंटे के लिए बंद कर दी गई हैं, इस्लामाबाद और पंजाब के सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अगर भारत अपने आक्रामक रुख से पीछे हटता है।

## उत्तर कोरिया ने अपने समुद्री क्षेत्र में कई मिसाइलें दागीं: दक्षिण कोरिया

**वेटिकन सिटी, एजेंसी।**
रोमन कैथोलिक चर्च के लिए नए पोप का चुनाव करने के लिए आयोजित सम्मेलन में सिस्टिन चैपल की चिमनी से बुधवार की शाम को काला धुआं निकलता दिखा, जो यह इस बात का सूचक था कि कार्डिनल्स की ओर से आयोजित किए गए पहले मतदान का फैसला नहीं हो सका है। बता दें कि हजारों श्रद्धालु सेंट पीटर्स स्क्वायर में जमा हुए। सभी अंत में चैपल की छत पर बने चिमनी से निकलने वाले धुएं की प्रतीक्षा कर रहे थे। धर्माध्यक्ष गुप्त मतदान में ईश्वरीय मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना कर रहे थे, लेकिन काला धुआं निकलने के बाद पता चल गया कि पोप का चयन नहीं हो पाया है। इस बीच, सीरिया में वेटिकन के राजदूत कार्डिनल मारियो जेनारी ने कहा कि अभी थोड़ा इंतजार करना होगा।

हालांकि आज के लिए किसी को यह उम्मीद भी नहीं थी कि चिमनी से सफेद धुंआ निकलेगा। बता दें कि अभी तक कभी ऐसा नहीं हुआ है कि कॉन्क्लेव के पहले ही दिन पोप के नाम पर सहमति बन जाए। हांलाकि कई कार्डिनल्स ने ये प्रक्रिया शुरु होने से पहले बयान दिया था कि वे गुरुवार या शुक्रवार तक पोप का चुनाव कर लेंगे।

अब जबकि पोप का चुनाव नहीं हो पाया है



तो 133 कार्डिनल जिन्हें पोप के चुनाव में शामिल होना है, वे रोज सुबह के सत्र में दो बार और दोपहर में दो बार मतदान करेंगे। यह क्रम तब तक जारी रहेगा, जब तक कि पोप के लिए नामित व्यक्ति कम दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर लेता। इससे पहले, नए पोप के चुनाव के लिए कैथोलिक चर्च के 133 कार्डिनल्स ने बुधवार को पारंपरिक रस्में शुरू कीं। 2,000 साल के इतिहास में भौगोलिक रूप से सबसे विविध सम्मेलन को शुरू करने से पहले सिस्टीन चैपल में सुबह के समय कार्डिनल्स दाखिल हुए। पोप के चुनाव की यह प्रक्रिया बेहद गुप्त रखी जाती है। इस बाबत, पोप के चुनाव में शामि होने वाले 70 देशों से आने वाले कार्डिनल्स को बाहरी दुनिया से अलग रखा जा रहा है, उनके सेलफोन को सरेंडर कर दिए गए हैं और वेटिकन के चारों ओर एयरवेव्स को जाम कर दिया गया है ताकि उन्हें सभी संचार से रोका जा सके। वरिष्ठ कार्डिनल जियोवानी बैटिस्टा रे ने कॉन्क्लेव में मतदान करने वाले कार्डिनल्स से आग्रह किया है कि वे ऐसे इन्सान को चुनें जो अपने निजी हितों के पूरी तरह दूर हो। चमकीले लाल वस्त्र पहने हुए, कार्डिनल्स बेसिलिका के केंद्रीय गलियारे से नीचे की ओर बढ़े। उन्होंने मुख्य वेदी के चारों अ अपनी सीटें लीं। 91 वर्षीय कार्डिनल जियोवानी बैटिस्टा रे ने अमेरिकी पोप की देखरेख में हुए सुधारवादी पोपत्व को याद करते हुए एक भावपूर्ण उपदेश भी दिया। पोप के चुनाव में अगर किसी को 89 वोट नहीं मिले तो सभी मतपत्र जला दिए जाएंगे। इस दौरान मतपत्रों में एक खास रसायन मिलाने के चलते उनमें से काला धुआं निकलता है। यानी नए पोप को लेकर कोई फैसला नहीं किया गया है। सफेद धुआं तब निकलता है जब नया पोप चुन लिया जाता है। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद कई कैथोलिक नेता इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या चर्च को इस बार अपना पहला अश्वेत पोप चुनना चाहिए। ऐसे में तीन अफ्रीकी कार्डिनलों के नाम पर गंभीर विचार हो रहा है। यदिअगला पोप उप-सहारा अफ्रीका से हुआ तो वह वेटिकन के इतिहास में पहला होगा।

# बलूच लड़ाकों के हमले में 14 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत, रिमोट से आईईडीधमाका कर की हत्या

**क्वेटा, एजेंसी।**
पाकिस्तान भले ही ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पर गुर्रा रहा हो लेकिन वह अपने ही खोदे कुएं में घिरा हुआ है। चाहें कितनी भी कसम पाकिस्तान भारत से बदला लेने की खा ले लेकिन उसके हाथ कुछ नहीं लगने वाला है। आखिर किस किस से निपटेगा पाकिस्तान। शहबाज शरीफ की सरकार परेशान है। एक तरफ पहलगाम हमले जैसी गंदी हरकत करके वह भारत के निशाने पर आ गया है वहीं दूसरी और बलूच लिबरेशन आर्मी ने उसका जीना दुशवार कर रखा है। आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर अभियान के साथ-साथ पाकिस्तानी सेना के लिए दोहरी मार, बलूच लिबरेशन आर्मी ने बलूचिस्तान प्रांत के बोलन और केच क्षेत्र में दो अलग-अलग हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिसके परिणामस्वरूप 14 पाकिस्तानी सेना के जवान मारे गए। पहले हमले में, बीएलए के विशेष सामरिक अभियान दस्ते (एसटीओएस) ने माच, बोलन के शोरकंद क्षेत्र में एक पाकिस्तानी सैन्य काफिले पर रिमोट-नियंत्रित आईईडी हमला किया। विस्फोट में कथित तौर पर विशेष अभियान कमांडर तारिक इमरान और सूबेदार उमर फारूक सहित सभी 12 सैनिक मारे गए। विस्फोट में सैन्य वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गया। एक अन्य ऑपरेशन में, बीएलए के लड़ाकों ने केच के कुलाग तिगरान क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना के बम निरोधक दस्ते को निशाना बनाया। बुधवार को दोपहर करीब 2:40 बजे रिमोट-नियंत्रित आईईडी में विस्फोट हुआ, जब यूनिट एक निकासी मिशन का संचालन कर रही थी। हमले में दो कर्मियों की मौत हो गई। बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलूच के अनुसार, बलूच लिबरेशन आर्मी को विदेशी प्रॉक्सी कहने वाले किराए के



हत्यारों को पता होना चाहिए कि पाकिस्तानी सेना खुद एक भाड़े का सशस्त्र गिरोह है जो चीनी पूंजी और पापा जोन्स पर पनपता है। सेना की वर्दी का अर्थ बदलता रहता है- कभी बंदरगाहों की रखवाली करना, गलियारों की रखवाली करना, कभी उधारदाताओं की संतुष्टि के लिए काम करना। हर युग में बदलते आकाओं की इच्छा के अनुसार अपनी दिशा तय करने वाली सेना राष्ट्रीय सेना नहीं, बल्कि व्यावसायिक सेना है।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग घटनाओं में 10 आतंकवादियों को मार गिराया। प्रांत में आतंकवादी तत्वों के खिलाफ ताजा कार्रवाई के दौरान केच और जियारत जिलों में आतंकवादी मारे गए। बीएलए ने पहले भी पाकिस्तानी सेना के जवानों और सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर ऐसे हमले किए हैं। मार्च में, क्वेटा से पेशावर जा रही और 440 यात्रियों को ले जा रही जाफर एक्सप्रेस को बीएलए अलगाववादियों ने अपहरण कर लिया था, जिसमें 21 नागरिक और चार सैनिक मारे गए थे। स्थानीय जातीय बलूच समूहों और पार्टियों द्वारा संघीय सरकार पर प्रांत की खनिज संपदा का दोहन करने के आरोपों के कारण बलूचिस्तान लगभग दो दशकों से अशांति का सामना कर रहा है।

बलूचिस्तान में विद्रोह बलूच अलगाववादी विद्रोहियों और विभिन्न इस्लामवादी आतंकवादी समूहों द्वारा सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में ईरान की सरकारों और बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सरकारों के खिलाफ जारी विद्रोह और विद्रोह है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध, बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा, सबसे कम आबादी वाला और सबसे कम विकसित प्रांत है। सशस्त्र समूह प्रांत के प्राकृतिक संसाधनों और राजनीतिक स्वायत्तता पर अधिक नियंत्रण की मांग करते हैं। बलूच अलगाववादियों ने पूरे प्रांत में अन्य जातीय समूहों के नागरिकों पर हमला किया है। 2010 के दशक में, सांप्रदायिक समूहों द्वारा शिया समुदाय के खिलाफ हमले-हालांकि हमेशा सीधे राजनीतिक संघर्ष से संबंधित नहीं थे-बढ़े, पाकिस्तान में, जातीय अलगाववादी विद्रोह कम स्तर का है, लेकिन मुख्य रूप से दक्षिणी बलूचिस्तान में जारी है, साथ ही सांप्रदायिक और धार्मिक रूप से प्रेरित उग्रवाद मुख्य रूप से उत्तरी और मध्य बलूचिस्तान में केंद्रित है।





# येलो कलर की ड्रेस में पलक तिवारी का अनोखा अंदाज

**श्वेता** तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों चर्चा में हैं। वह फिल्मों के अलावा अपने फैशनेबल अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जिसमें उनका स्वैग अलग ही नजर आ रहा है। फैंस उनकी इस फोटो को बेहद पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में पलक येलो कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने फुल स्लीव्स शर्ट और मिनी स्कर्ट पहनी हुई है। शर्ट के साथ उन्होंने टाई भी पहनी हुई है। बालों को ब्लाउंस देते हुए खुला छोड़ा है और पैरों में ब्लैक हील्स नजर आ रही है। ऑवरऑल उनका लुक बेहद शानदार लग रहा है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में फनी इमोजी भी शेयर किए। उनकी हाल ही में फिल्म द भूतनी रिलीज हुई। इसमें उन्होंने संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह के साथ काम किया। सिद्धांत सचदेवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मौनी ने एक चुड़ैल का किरदार निभाया है। द भूतनी को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। पलक तिवारी की पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान थी। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया था। यह फिल्म 2014 की तमिल फिल्म वीरम की रीमेक है, जिसमें उनके साथ सलमान खान, पूजा हेगड़े, वेंकटेश, शहनाज गिल, जगपति बाबू, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, मालविका शर्मा और राघव जुयाल समेत अन्य सितारे हैं। इसके अलावा, वह हार्डी संधू के हिट म्यूजिक वीडियो बिजली बिजली में भी नजर आईं। पलक जल्द ही फिल्म रोमियो एस3 में दिखाई देंगी। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार ठाकुर अनूप सिंह के साथ नजर आएगी। फिल्म में अनूप पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। वह डबल रोल में दिखेंगे। वहीं, एक्ट्रेस उनकी प्रेमिका बनी हैं।

ऑपरेशन सिंदूर ने देशभर में भरा जोश,

# कंगना से लेकर अक्षय तक बोले- जय हिंद

भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर स्ट्राइक की है। भारत ने बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। अब तक कई बॉलीवुड कलाकारों ने इस ऑपरेशन पर अपना रिएक्शन दिया है... भारत ने 15 दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। बीती रात भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयर स्ट्राइक करते हुए नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। अब इस ऑपरेशन पर कई बॉलीवुड कलाकार भी अपना रिएक्शन दे रहे हैं। इनमें अनुपम खेर से लेकर विनीत कुमार सिंह जैसे सितारों के नाम शामिल हैं।  बुधवार सुबह रितेश देशमुख, निमरत कौर और विनीत कुमार सिंह और अनुपम खेर जैसे एक्टर्स और डायरेक्टर मधुर भंडारकर ने सोशल मीडिया पर इंडियन आर्मी की तारीफ की है। अभिनेता रितेश देशमुख ने इस कार्रवाई के बाद एक्स पर खुशी जाहिर करते हुए लिखा, जय हिंद की सेना... भारत माता की जय। साथ ही, उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर लिखा नजर आ रहा है।



## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान से कहा- 'औकात में रहो'

पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम करते हुए गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप शेयर करते हुए कहा कि कुल चार युद्ध हुए और पाक हमसे कभी जीत नहीं सका, तो मैं कह सकता हूं कि उन्हें औकात में रहना चाहिए। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो क्लिप शेयर करते हुए मनोज मुंतशिर ने लिखा, औकात में रहो। वहीं, वीडियो में वह कहते नजर आए, मैं एक बात सोचता हूं कि पाकिस्तान ने पूरे इतिहास में हमसे कुल चार युद्ध लड़े और चारों हमसे हार गए। तो वो जो मेडल लटकाए चलते हैं, वो क्या कैंडी क्रश गेम खेलकर जीते हैं? आटा मांगने के लिए लाइन लगाते हैं, लेकिन चाहिए उन्हें कश्मीर। पड़ोसी मुल्क पर तंज कसते हुए मुंतशिर ने उन्हें सलाह भी दे दी। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें एक मशवरा दे देता हूं कि इस दुनिया में रहने के लिए एक से बढ़कर एक जगह हैं, लेकिन अच्छा ये है कि औकात में रहो। इससे पहले मनोज मुंतशिर ने ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर शेयर करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जय हिंद, जय हिंद की सेना। देश के मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले मनोज मुंतशिर ने 25 अप्रैल को एक पोस्ट शेयर कर पहलगाम हमले को लेकर देशवासियों से मार्मिक अपील की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी करके उन्होंने लोगों से इस घटना को न भूलने की अपील की थी।

# मेट गाला में रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। एक्ट्रेस की ये गुड न्यूज जानकर उनके फैंस बेहद खुश है और सोशल मीडिया पर अब चारों ओर अब रिहाना के ही चर्चे हो रहे हैं। 37 साल की रिहाना का यह तीसरा बच्चा है।

## तीसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं रिहाना

सिंगर रिहाना ने न्यूयॉर्क में मेट गाला के रेड कार्पेट पर पुष्टि की कि वह अपने तीसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रिहाना, जिनका असली नाम रोबिन फेंटी है, ने गहरे नीले फूलों से सजी ड्रेस में अपने पेट को सहलाते हुए मुस्कुराई। उनके साथी रैपर,क्ररॉकी, जिनका असली नाम रकीम मेयर्स है, ने भी खुशी जताई और बधाई देने वालों का धन्यवाद किया। इस जोड़े के पहले से दो बेटे हैं–आर.जेड.ए. (जन्म मई 2022) और रायट (जन्म अगस्त 2023)।एक खबर के मुताबिक, रिहाना ने कहा, अब समय आ गया है कि लोगों को दिखाया जाए कि हम क्या तैयार कर रहे हैं। रॉकी ने कहा, हम बहुत खुश हैं और सबके प्यार के लिए आभारी हैं।



# कश्मीरी मुस्लिम होने पर हुआ अली गोनी के साथ भेदभाव

● एक्टर बोले- 50 बिल्डिंग्स गिनवा दूंगा, जिन्होंने बोला कि हम मुस्लिमों को घर नहीं देते



टीवी एक्टर अली गोनी ने कई बार ये जिक्र किया है कि कश्मीरी और मुस्लिम होने पर उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ चुका है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में अली ने बताया है कि जब वो गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन के साथ मुंबई में घर ढूंढ रहे थे, तब कई लोगों ने ये कहते हुए घर देने से इनकार कर दिया कि वो मुस्लिमों को घर नहीं देते। अली गोनी हाल ही में इनकंट्रोवर्शियल पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां उनसे पूछा गया कि कश्मीरी होने पर उन्हें कैसे भेदभाव का सामना करना पड़ा। इस पर एक्टर ने कहा, इंडस्ट्री में तो कभी ये नहीं हुआ, लेकिन घर ढूंढने में मेरे साथ भेदभाव हुआ। बहुत ज्यादा, आज भी होता है। अभी भी मैं और जैस्मिन घर ढूंढ रहे थे, तो मैं आपको 50 बिल्डिंग्स गिनवा दूंगा, जिन्होंने बोला कि हम मुस्लिमों को घर नहीं देते। आगे अली ने कहा है, मैंने देखा है कि जितने मना करने वाले थे, वो बूढ़े ही थे। या 50-60 के थे। ज्यादा से ज्यादा 5-10 साल जीने वाले हैं वो। उसके बाद या जलकर राख हो जाएंगे या कब्र में दफन हो जाएंगे। तो क्या करेंगे उस बिल्डिंग का। अली गोनी ही नहीं कई सेलेब्स ने भी मुंबई में घर न मिलने की शिकायत की है। कुछ समय पहले ही उर्फी जावेद ने ये मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा है कि कुछ ने उन्हें मुस्लिम होने पर घर देने से इनकार कर दिया, तो किसी को उनके काम से आपत्ति थी। उनके अलावा बिग बॉस 18 का हिस्सा रहीं यामिनी मल्होत्रा भी बता चुकी हैं कि उन्हें मुंबई में घर ढूंढने में दिक्कत हो रही है। वो जहां जाती हैं, वहां उनसे धर्म पूछा जाता है। इसके बाद भी अगर कोई घर देने को राजी हो जाए तो ये सुनकर इनकार कर देता है कि वो एक्ट्रेस हैं। इनके अलावा एक्ट्रेस चारू असोपा, आकांक्षा जुनेजा, बिग बॉस फेम शहजादी और शिरीन मिर्जा ने भी इस तरह की परेशानी का सामने करने का जिक्र किया था।



निशात रेप केस पर फूटा हिना खान गुस्सा कहा-

# राक्षस हर धर्म, समुदाय में मौके की तलाश में हैं, शराब को इसके लिए जिम्मेदार न ठहराएं

श्रीनगर के निशात इलाके में हाल ही में एक महिला पर 4 शराबियों ने हमला किया और फिर रेप कर उसकी हत्या कर दी। मामला सामने आने के बाद देशभर में आक्रोश है, हालांकि एक हिस्सा ऐसा भी है जो शराब को इस हत्या और रेप के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस मामले पर अब हिना खान ने शराब को दोषी ठहराने वालों को करारा जवाब दिया है। एक्ट्रेस का कहना है कि राक्षस हर धर्म और समुदाय में हैं, जो मौके की तलाश में रहते हैं, ऐसे में सिर्फ शराब को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। हिना खान ने ऑफिशियल इ प्लेटफॉर्म में लंबी-चौड़ी पोस्ट शेयर कर लिखा है, क्या कोई इन बेवकूफों को रेप और शारीरिक शोषण में फर्क बताएगा। रेप, रेप है और मर्डर, मर्डर है। शारीरिक शोषण को अलग-अलग बताया जा सकता है, लेकिन ये रेप सिर्फ एक संकेत है। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि अपराधी ऐसा कर नहीं सका, न कि ये कि अपराधी ने ऐसा नहीं किया। एक रेपिस्ट खुद के अलावा हर किसी को दोषी ठहराता है। उस अपराधी की तरह व्यवहार न करें। अपराधी को मुफ्त में भागने का कार्ड देने के लिए शराब का इस्तेमाल न करें। रेप को ठीक मत ठहराइए। यौन उत्पीड़न को भी ठीक मत ठहराइए। धर्म, समुदाय, भूगोल या पहनावे के नाम पर नहीं। आगे हिना खान ने लिखा है, ये राक्षस हर जगह, हर समुदाय, हर धर्म में मौजूद हैं। अवसर की तलाश में। शराब कई चीजों का कारण बनती है, लेकिन ये एक अच्छे आदमी को बलात्कारी नहीं बनाती।

समाचार गेट
HARHIN11560
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, गिरि सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, गिरि सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: कृष्णमदन शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# दिव्यांग एवं गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने के लिए देवेन्द्र कुमार बालवीर पाठशाला का उद्घाटन

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन व बन्नूवाल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग एवं गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने के लिए स्थापित की गई देवेन्द्र कुमार बालवीर पाठशाला का उद्घाटन अमीर एजुकेशन सोसाइटी एवं मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल के पदाधिकारी वयोवृद्ध अमीर चंद जी द्वारा किया गया, इस आयोजन को सफल बनाने स्कूल के अन्य पदाधिकारी श्रीमती सविता गिरधर, राजीव गिरधर, संदीप गिरधर और अभिषेक गिरधर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव गिरधर ने कहा कि यह पाठशाला स्वर्गीय श्री देवेन्द्र कुमार की स्मृति में उनकी चतुर्थ पुण्य तिथि पर स्थापित की गई जिसका संचालन महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन करेगा। महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन के संरक्षक अजीत पटवा ने मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल का इस नेक काम में सहयोग करने का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पाठशाला निशुल्क सेवाएं प्रदान करती रहेगी , इस कार्य में बन्नूवाल वेलफेयर एसोसिएशन साथ दे रहा है। मीडिया से आए सौका टाइम्स की कविता, ओम प्रकाश पांचाल, नवीन ग्रोवर, संजय कुमार आदि का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर श्री राकेश भाटिया, महावीर इंटरनेशनल के निदेशक उमेश अरोड़ा, प्रमोद सचदेवा , बृजेश कुमार, प्रोमिल जैन, राहुल, मानसी वर्मा, मदन कुमार, आदि उपस्थित थे।



# डॉ. आदित्य प्रकाश भारद्वाज बने इंटेलिजेंस और आपराधिक जांच निदेशालय के संयुक्त निदेशक

समाचार गेट/ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश भारद्वाज ने आज नई दिल्ली स्थित इंटेलिजेंस और आपराधिक जांच निदेशालय में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। उनकी यह नियुक्ति विभाग में नई ऊर्जा और सख्ती के संकेत के रूप में देखी जा रही है। डॉ. भारद्वाज इससे पहले संयुक्त आयकर आयुक्त के पद पर कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों की सफलतापूर्वक जांच की थी। कर चोरी, हवाला लेनदेन और आर्थिक अपराधों के विरुद्ध सटीक कार्रवाई के लिए वे विभाग में विशेष रूप से पहचाने जाते हैं। संयुक्त निदेशक के रूप में उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी कर संबंधित अपराधों की गहन जांच, आर्थिक अनियमितताओं पर नियंत्रण और खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करना होगा। डॉ. भारद्वाज की नियुक्ति से विभाग को आर्थिक अपराधों से निपटने में नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। विभागीय सूत्रों का मानना है कि उनके नेतृत्व में जांच एजेंसी और अधिक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाएगी।



# चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जारी है, इसी क्रम में पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने एक वाहन चोर साहिल अली(22) को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि 8 मई को पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना पर आरोपी साहिल अली (22) वासी संगम विहार दिल्ली को एम.सी.डी. टोल दुर्गा बिल्डर इस्माइलपुर से चोरी की मोटरसाईकिल सहित काबू किया है। आरोपी ने पुछताछ मे बतलाया कि वह नशा करने का आदी है तथा नशा पुर्ति करने के लिए उसने यह मोटरसाईकिल दक्षिणपुरी दिल्ली क्षेत्र से चुराई थी। जिस संबंध मे अम्बेडकर नगर थाना दिल्ली मे चोरी का मामला दर्ज है। आरोपी का पुर्व मे भी आपराधिक रिकार्ड है जिसको माननीय न्यायलय मे पेश कर जेल भेजा गया है।



# निगम कमिश्नर धीरेन्द्र खड़गटा ने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक



**शहर की साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण को प्राथमिकता के साथ कराए पूरा : धीरेन्द्र खड़गटा निगम कमिश्नर**

समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने आज निगम की इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक की। निगम कमिश्नर ने बैठक में शहर के सभी नालों की सफाई के साथ साथ सफाई के बाद निकलने वाली सिल्ट का सही स्थान पर निस्तारण के साथ साथ पार्कों के सौंदर्यकरण सड़कों के गड्ढों को भरने जैसे विषयों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा को घरों से निकलने वाले कचरे को क्लेक्शन प्वाइंट तक पहुँचाने और उसके बाद सेकेंडरी पॉइंट से कूड़ा उठाने के लिए व्यवस्था को दुरुस्त और सुदृढ़ बनाया जाए।

बैठक में निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जोन में सड़को के गड्डों को भरने के सख्त दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक में एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल,जॉइंट कमिश्नर द्विजा, मुख्य अभियंता विवेक गिल, एसई ओमबीर सिंह, एक्सईन नितिन कादियान, एक्सईन ओपी कर्दम, एक्सइन पदम भूषण, एक्सईन ओमदत्त स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीतीश परवाल, मौजूद रहे। बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की शहर में सफाई व्यवस्था और सड़कों को दुरुस्त कराने का कार्य तीव्र गति से शुरू कराया जाए,ताकि शहरवासियों को कोई परेशानी निगम की तरफ से ना आए।

# मांगों को लेकर आशा वर्करों ने सीएमओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## मांगों का समाधान नहीं तो 20 मई को होगी हड़ताल



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** प्रोत्साहन राशियों के बकाया का भुगतान न होने और उत्पीडन, का कार्यवाहियां करने से आक्रोशित आशा वर्करों ने शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। सीएमओ ने आशा वर्करों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि सैंटर व राज्य सरकार के स्तर पर बजट लंबित है हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि बजट आते ही प्रोत्साहन राशियों एवं मानदेय के बकाया का भुगतान किया जाएगा। आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान हेमलता और सचिव सुधा ने सीएमओ को बताया कि जो काम उनकी ड्यूटी में नहीं आता उसको भी उनसे करवाने का दबाव बनाया जाता और ऐसा न करने पर अप्रेजल रोकने की धमकी दी जाती है। सीएमओ ने कहा कि भविष्य में ऐसा करने वाले कर्मचारी और अधिकारी का नाम बताएं, तुरंत कार्यवाही की जाएगी। नेताओं ने बताया की कुछ आशा का बातचीत किए बिना क्षेत्र बदला जा रहा है। जिससे आशा को दिक्कत हो रही है। सीएमओ ने कहा इस पर पुनर्विचार किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि आवश्यक सामान का अभाव है,उसकी सप्लाई की जाए। सीएमओ कार्यालय पर किए प्रदर्शन से पहले बीके चौक पर आशा वर्कर ने सभा का आयोजन किया। सभा में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के जिला अध्यक्ष निरंतर पाराशर, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह, आशा वर्कर यूनियन की उपप्रधान सुशीला चौधरी , अनीता भारद्वाज, पुजा गुप्ता ,चंद्रप्रभा , संगीता, इंद्रावती , शाहीन परवीन आदि पहुंचे और संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की कर्मचारी व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल होगी।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद जिले में सुरक्षा बढ़ी

## भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस की नजर, 5 बॉर्डर पर लगाए नाके

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पुलिस अलर्ट मोड पर है। शहर में होने वाली गतिविधियों पर पुलिस नजर रख रही है। पुलिस की चार टीमें नाका लगाकर दूसरे राज्यों से लगते बॉर्डर पर चैकिंग कर रही हैं। शुक्रवार को पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिष्ठित संस्थानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है। सेंसेटिव क्षेत्र में भी पुलिस टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। फरीदाबाद पुलिस की बम स्क्वॉड व डॉग स्क्वॉड टीमें भी समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्र में पहुंचकर चेकिंग कर रही हैं। ये टीम मॉल, बाजार, सरकारी व निजी संस्थानों, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर जाकर लगातार चेकिंग कर रही हैं। मेट्रो स्टेशनों पर भी पुलिस की टीमें चेकिंग कर रही हैं, ताकि सुरक्षा में किसी भी स्तर पर मामूली सी भी चूक न रहे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि पुलिस की सभी छुट्टियां कैंसिल कर दी हैं। राइडर-पीसीआर पर तैनात पुलिस टीमें भी लगातार क्षेत्र में गश्त करने के साथ ही चिह्नित स्थानों पर भी पहुंच रही हैं। जिला व राज्यों से लगने वाले फरीदाबाद के 5 बॉर्डर पर भी लगातार नाके लगाकर पुलिस की टीमें चेकिंग कर रही हैं। इनके अलावा अपराध शाखा की टीमें भी शहर में सक्रिय हैं और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख रही हैं। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी व खुफिया विभाग की टीमें बस स्टैंड, मॉल, भीड़ वाले बाजारों, रेलवे स्टेशनों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस भीड़-भाड़ वाली जगहों पर ज्यादा नजर रख रही है। पुलिस की डॉग स्क्वॉड टीम लगातार सर्च अभियान चला रही है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी हमारी टीमें नजर रख रही हैं। ये सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी भ्रामक या संवेदनशील पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल न हो। इसे लेकर लोगों से अपील भी की गई है कि वे न तो अफवाह फैलाएं और न ही अफवाहों पर ध्यान दें।

फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद से पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद से चौकसी और बढ़ा दी गई है। भीड़ वाले इलाके और बॉर्डर पर पुलिस नजर रखे हुए है। दिल्ली , उत्तर प्रदेश राज्य सहित दूसरे जिलों से लगते बॉर्डर पर भी पुलिस नजर रख रही है।



# चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आज

समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** श्री श्याम बाबा सेवा परिवार ट्रस्ट द्वारा चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आज शनिवार 10 मई 2025 शाम 7:00 बजे से सीही गेट रोड सिंगला धर्मशाला के सामने बल्लभगढ़ में बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। ट्रस्ट के प्रधान राव धर्मेंद्र यादव ने बताया की संकीर्तन प्रमोद कुमार के पावन सानिध्य में किया जाएगा जिसमें ज्योत सेवा अमित शर्मा देंगे। संकीर्तन में भजनों की रसधारा प्रवाहित करने आएंगे प्रयागराज से बुलबुल अग्रवाल, जयपुर से अभिषेक नामा, फरीदाबाद से नितिन श्याम दीवान, मनीष श्याम लाडला, पंडित कुमुदकृष्ण शास्त्री, राहुल गुप्ता व मंच संचालक करेंगे बल्लबगढ़ से वेद वशिष्ट संकीर्तन में आए हुए भक्तों के लिए भव्य दरबार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग, बाबा का आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।




फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271

davaindia GENERIC PHARMACY
डिस्काउंट के पीछे भागना छोड़ो
दवाइयों के बिल पर अधिकतम बचत करें*
100%* असरदार



MEDICINES | HEALTH & WELLNESS | OTC
COSMETICS | PROTEIN SUPPLEMENTS | AYURVEDIC | NUTRACEUTICAL
Khadi India के सभी प्रोडक्ट्स उपलब्ध



संपर्क करे 9811153271
शॉप नंबर 75, नई अनाज मंडी, बल्लभगढ़, फुट ब्रिज के पास, फरीदाबाद -121004

davaindia GENERIC PHARMACY

| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमत | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| [illegible] | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| दर्द | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |

फार्मा में 35+ सालों का अनुभव | NABL लैब द्वारा प्रमाणित प्रोडक्ट्स | सभी प्रोडक्ट्स WHO सर्टिफाइड प्लांट्स में निर्मित | 2000+ प्रोडक्ट्स उपलब्ध
Khadi India के सभी प्रोडक्ट्स उपलब्ध



1000+ Stores | 200+ Districts | 26 States
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 9811153271